5907(E)
26/8/26

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 26.8.26 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, जमुई के अन्तर्गत पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance Contract) Under Package No.-30A/OPRMC-III for the year 2026-33 कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं पत्रांक–5625(E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अभिषेक पलासिया, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–13.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–2685 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2827(अनु०) दिनांक–22.08.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–22.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या | : | पथ आस्तियों के अनुरक्षण हेतु दीर्घकालीन निष्पादन और उपलब्धि आधारित पथ आस्तियाँ अनुरक्षण संविदा (Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance Contract) Under Package No.-30A/OPRMC-III for the year 2026-33 |
| 2.2 | योजना मद | : | 3054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, जमुई |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹21758.35 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–3247(एस०) दिनांक–12.05.2026 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹24603.46 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–1693 (अनु०),दिनांक–23.05.2026 |
| 2.6 | ECV/परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹21985.87168 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 84 (Eighty-four) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (MBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 03.07.2026 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 09 (नौ) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd.
(2) M/s Broadway Links Pvt. Ltd.
(3) M/s Ganesh Ram Dokania
(4) M/s Sriram Enterprises
(5) Nitesh Kumar Singh & Ashok & Co. Niwas Pvt. Ltd. (NKS ACNPL JV)
(6) M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd.
(7) M/s Topline Infra Project Pvt. Ltd.
(8) M/s JKA Associates Pvt. Ltd.
(9) Sobti Infratech Limited

4. उपरोक्त कार्य की निविदा में कुल 09 (नौ) निविदाकार यथा–(i) M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. (ii) M/s Broadway Links Pvt. Ltd. (iii) M/s Ganesh Ram Dokania (iv) M/s Sriram Enterprises (v) Nitesh Kumar Singh & Ashok & Co. Niwas Pvt. Ltd. (NKS ACNPL JV) (vi) M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. (vii) M/s Topline Infra Project Pvt. Ltd. (viii) M/s JKA Associates Pvt. Ltd. एवं (ix) Sobti Infratech Limited द्वारा भाग लिया गया है।

दिनांक–13.08.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदा में भाग लेने वाले 09 (नौ) निविदाकारों में से 05 (पाँच) निविदाकार यथा–(i) M/s Ganesh Ram Dokania को MBD Section-3 Clause-1.2.1 (b) एवं 2.2.2 के अनुसार Non Performing contract के तहत् (ii) M/s Ram Kripal Singh Construction Pvt. Ltd. को NIT के क्रमांक–28 के तहत् (iii) M/s Topline Infra Project Pvt. Ltd. को MBD Section-3 : Clause 1.2.3, Section 4E.10, FIN-4 एवं NIT के क्रमांक–39 के तहत् (iv) M/s JKA Associates Pvt. Ltd. को MBD Section 3 : Clause 1.2.3, Section 4E.10 एवं NIT की कंडिका–39 के तहत् एवं (v) Sobti Infratech Limited को MBD ITB Clause-17, Section 4B के तहत् तकनीकी बीड में असफल एवं शेष 04 (चार) निविदाकार यथा–(i) M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. (ii) M/s Broadway Links Pvt. Ltd. (iii) M/s Sriram Enterprises एवं (iv) Nitesh Kumar Singh & Ashok & Co. Niwas Pvt. Ltd. (NKS ACNPL JV) को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–2685 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) Topline Infra Projects Pvt. Ltd. का पत्रांक–IIPPL/1655/26 द्वारा दिनांक–15.08.2026 (2) M/s Ganesh Ram Dokania द्वारा दिनांक–14.08.2026 (3) Ram Kripal Singh Construction Pvt, Ltd. द्वारा दिनांक–15.08.2026 (4) JKA Associates Pvt. Ltd. द्वारा दिनांक–14.08.2026 एवं (5) Sobit Infratech Limited द्वारा दिनांक–17.08.2026 के द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2827(अनु०) दिनांक–22.08.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–22.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

**6. परिवादः–** उपरोक्त तकनीकी बीड में असफल 05 (पाँच) निविदाकार यथा–(i) Topline Infra Projects Pvt. Ltd. का पत्रांक–IIPPL/1655/26 दिनांक–15.08.2026 (ii) M/s Ganesh Ram Dokania द्वारा दिनांक–14.08.2026 (iii) Ram Kripal Singh Construction Pvt, Ltd. द्वारा दिनांक–15.08.2026 (iv) JKA Associates Pvt. Ltd. द्वारा दिनांक–14.08.2026 एवं (v) Sobit Infratech Limited द्वारा दिनांक–17.08.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवाद प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् है :–

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Topline Infra-Projects Pvt. Ltd. | उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक मामलें में कहना है कि वर्णित कार्य से संबंधित निविदा में हमारे द्वारा सभी शर्त्तों को पूरा करते हुए निविदा में भाग लिया गया है।<br><br>दिनांक–14.08.2026 को विभागीय बेवसाईट के माध्यम से हमें जानकारी मिली कि वर्णित कार्य से संबंधित हमारी तकनीकी निविदा को MBD के Section 3; Clause-1.2.3 एवं | निविदाकार द्वारा निविदा के साथ form FIN4 financial requirements and current contract commitments upload किया गया है जिसमें कुल 23 कार्यों का नाम अंकित किया | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | Section 4E.10, NIT के क्रमांक 39 के आलोक में असफल घोषित कर दिया गया जिसका आधार यह बनाया गया कि हमारे द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल–2 में PMGSY योजनान्तर्गत (07) अद्द यथा–Package No.- BR18P3R28, BR18P3R35, BR18P3R40, BR18P3R41, BR18P3R47, BR18P3R54, एवं BR18P3R56 का कार्य, एकरारनामा के उपरान्त किया जा रहा है परन्तु Uploaded Existing Commitment में 07 अदद् कार्य अंकित नहीं है। Existing Commitment अपूर्ण रहने के कारण Bid Capacity की गणना नहीं की जा सकती है। अतः Bid Capacity की न्यूनतम अर्हता पूर्ण नहीं करते है।<br><br>वर्णित संदर्भ में हमे कहना है कि वर्णित निविदा निर्णय में जिस पैकेज का जिक्र किया गया है वह सभी पैकेज एक ही एकरारनामा का अंग है, जिसकी सूचना हमारे द्वारा Form FIN-4 के सीरियल नं0–19 में दिया है, जिसके अन्तर्गत कुल 07 पैकेज के अन्तर्गत पथ निर्माण का कार्य करना है अर्थात् हमारे द्वारा वर्णित पैकेज जो एक ही एकरारनामा में सन्निहित है का उल्लेख Existing Ongoing Work में किया गया है तथा कोई तथ्य को छुपाया नहीं गया है, इसकी जाँच संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, किशनगंज–2 से करायी जा सकती है।<br><br>इस संदर्भ में हमें पुनः कहना है कि निविदा डालने की तिथि से लेकर आज तक हमारी कंपनी के पास ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित वर्णित पाँच एकरारनामा से संबंधित कार्य ही Ongoing है जिसकी सूचना हमारे द्वारा वर्णित Format में निविदा में दी जा चुकी है साथ ही साथ वर्णित सभी कार्य से संबंधित सत्यापन की प्रतियाँ भी वर्णित निविदा में संलग्न किया गया था लेकिन किस आधार पर आपकी निविदा समिति ने सात वर्णित पैकेजों की बात कही है जो क्रमांक 19 से संबंधित एकरारनामा का भाग है अर्थात् कहने की आवश्यकता नहीं रह गयी है कि हमारी तकनीकी निविदा को हमारे निविदा कागजातों के बारीकी से अवलोकन किये बिना ही तथ्यहीन आधार पर असफल घोषित कर दिया गया जो किसी भी तरह से स्वीकार योग्य नहीं है क्योंकि जब हमारे कंपनी के पास मात्र पाँच एकरारनामा से संबंधित कार्य ही Ongoing है अर्थात यह कहने की आवश्यकता भी नहीं रह | गया है। क्रम सं०–19 पर Package No. BR18P3 FDR13 कार्य का नाम अंकित है जिसका Engineer-in-charge द्वारा countersign किया गया है, इस कार्य में Package No. BR18P3R28, BR18P3R35, BR18P3R40, BR18P3R41, BR18P3R47, BR18P3R54 एवं BR18P3R56 अंकित नहीं रहने के कारण तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा असफल घोषित किया गया था।<br><br>मुख्य अभियंता (सीमांचल) उपभाग का पत्रांक–1381 (अनु०), दिनांक–18.08.2026 द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–2 द्वारा संपुष्ट कराया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–02 के पत्रांक–1905 (अनु०), दिनांक–19.08.2026 द्वारा एकरारनामा की राशि एवं पैकेज नं० की सूचि उपलब्ध कराया गया। कार्यपालक अभियंता द्वारा उपलब्ध कराये गए दस्तावेज के आधार पर पुनः | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | गयी कि हमारी तकनीकी निविदा MBD के Section-3, Clause 1.2.3 एवं Section 4E.10, NIT के क्रमांक 39 के आधार पर असफल घोषित करने योग्य नहीं है क्योंकि हमारे द्वारा कोई Misleading or false representations in the form, Statements and attachment नहीं किया गया है साथ ही साथ हमारे पास कार्य के संदर्भ में पर्याप्त बीड कैपेसिटी है।<br><br>अतः श्रीमान् से अनुरोध है कि वर्णित तथ्यों के आलोक में हमारी तकनीकी निविदा को सफल घोषित करते हुए हमारी वित्तीय बीड को अन्य सफल निविदादाताओं के साथ खोलकर निविदा का निस्तार नियमानुकूल करने की कृपा की जाय इसके लिए हम सदा आपके आभारी रहेगें। | समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त विषयांकित 07 (सात) कार्य Existing Commitment में Uploaded कार्यों की सूचि के क्रम सं०–19 में सन्निहित है, अतः परिवाद में उल्लेखित बिन्दुओं को मान्य किया जाता है। | |
| 2. | M/s Ganesh Ram Dokania | इस संदर्भ में हमें कहना है कि उक्त विखंडित एकरारनामा से संबंधित कार्य की समीक्षात्मक बेठक दिनांक–21.07.2026 को प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना Online की गयी थी यह बैठक किये गये कार्य के भुगतान तथा Maintenance कार्य से संबंधित था जिसमें कार्यपालक अभियंता के कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधान सचिव महोदय द्वारा उन्हें निलंबन करने का आदेश दिया गया था जिसके क्षुब्ध होकर उसी दिन अर्थात 21.07.2026 को 7.46 रात्रि ही कार्यपालक अभियंता द्वारा बिना हमसे कोई स्पष्टीकरण माँगे ही हमारे वर्णित कार्य के एकरारनामा को एकरारनामा की कंडिका–52.2 (c) के तहत् अपने पत्रांक–1414 दिनांक–21.07.2026 द्वारा विखडित कर दिया जो किसी भी तरह से नियमानुकूल नहीं माना जा सकता है। साथ साथ MBD के Section 3, Clause-1.2.1 (b) एवं Clause 2.2.2 से स्पष्ट है कि Bid Submission Due date के बाद विभाग द्वारा किसी भी संवेदक को Non Performanceके आधार पर disqualify नहीं किया जा सकता है।<br><br>यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, बांका के वर्णित विखण्डन आदेश के विरूद्ध हमने अविलम्ब अपना अपील | पथ प्रमंडल, बॉका अन्तर्गत Widening and Strengthening of English more to Punsia under RCPLWEA Package No BR03RC029 का एकरारनामा सं०–01/LWE/2019-20 के तहत् दिनांक–01.01.2027 maintenance अवधि में है। कार्यपालक अभियंताद्वारा कई बार पत्र दिया गया। परन्तु एकरारनामा में निर्धारित Maintenance कार्य में कोई अभिरूचि नहीं ली जा रही है। अधीक्षण अभियंता का पत्रांक–770 (अनु०), दिनांक–10.06.2026 एवं मुख्य अभियंता (सीमांचल) उपभाग का पत्रांक–1073 (अनु०), दिनांक–17.06.2026 द्वारा debar संबंधी अनुशंसा अभियंता | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | (स्पष्टीकरण) दिनांक–22.07.2026 (मेल द्वारा) को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग (कार्य प्रबंधन), बिहार, पटना के समक्ष दायर कर दिया था जो आज की तिथि में उनके समक्ष विचाराधीन है जिसमें इस बात का निर्णय होना बाकी है कि अनुरक्षण कार्य की प्रगति के लिए मैं दोषी हूँ या नहीं ऐसी परिस्थिति में वर्णित विखण्डन आदेश के आलोक में मेरी निविदा को असफल घोषित करने का निर्णय किसी भी तरह से न्यायोचित नहीं माना जा सकता है।<br><br>यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि वर्णित कार्य की निविदा हमारे द्वारा दिनांक–03.07.2026 को डाली गयी थी तथा वर्णित विखण्डन आदेश दिनांक–21.07.2026 को पारित किया गया अर्थात यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि वर्णित विखिण्डन के आलोक में हमारी वर्णित कार्य की निविदा को असफल घोषित करने का निर्णय किसी भी तरह से Clause 2.2.2 के तहत् न्यायोचित नहीं है जबकि वर्णित विखण्डन आदेश के अवलोकन से ही स्पष्ट है कि कार्यपालक अभियंता द्वारा बिना हमसे स्पष्टीकरण मॉगे ही हमारे एकरारनामा को विखण्डन कर दिया गया है।<br><br>अतः श्रीमान् से अनुरोध है कि वर्णित तथ्यों के आलोक में हमारी तकनीकी निविदा को सफल घोषित करते हुए हमारी वित्तीय बीड को अन्य सफल निविदादाताओं के साथ खोलकर निविदा का निस्तार नियमानुकूल करने की कृपा की जाय इसके लिए हम सदा आपके आभारी रहेगें।<br><br>OPRMC के निविदा में Nitesh Kumar Singh & Ashok & Co. Niwas Pvt. Ltd. (NKS-ACNPL (JV)) भाग लिया है, जिसमें उनके द्वारा समर्पित Equipment EQU formate में (MBD के अनुसार) नहीं दिया गया है। दोनों का Financial Resource (Bank Certificate) अलग–अलग नहीं दिया गया है। HMP (Hot mix Plant) 15 years से ज्यादा का Paper लगाया गया है, जो की निविदा के शर्त्तों का उल्लघंन है और विभाग | प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) को भेजी गई।<br><br>अनुरक्षण कार्य SBD के सुसंगत कंडिका के अनुसार नहीं की गयी।<br><br>अतः MBD के Section 3 clause 1.2.1 (b) Record of poor performance such as abandoning the works, not properly completing the contract, inordinate delays in completion का उल्लघंन है। अतः परिवाद के आरोप को अमान्य किया जाता है।<br><br>दोनों निविदाकार यथा Nitesh Kumar Singh & Ashok & Co. Niwas Pvt. Ltd. (NKS-ACNPL (JV)) द्वारा JV अन्तर्गत Financial Resources upload किया गया है एवं HMP का कागजात Lead Partner के नाम से है। अतः परिवाद में उल्लेखित दोनों बिन्दुओं को अमान्य | NKS-ACNPL (JV) द्वारा निविदा में JV के नाम से वांछित राशि का Bank Credit Facility Certificate निविदा में Upload किया गया है। परिवाद का यह बिन्दू |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | द्वारा Technical आकलन में चूक हुई है।<br><br>अतः महाशय से आग्रह है की MBD के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में पूरा Nitesh Kumar Singh & Ashok & Co. Niwas Pvt. Ltd. (NKS-ACNPL JV) का Technical Qualification का जाँच करना चाहेंगे, तथा उनके द्वारा अन्य Division के निविदा में भाग लिया गया है इसे भी जाँचोपरान्त निर्णय लेना सही होगा। | किया जाता है। | अमान्य है।<br><br>उक्त JV द्वारा MBD के Section 3 Cl 2.6 के आलोक में दोनों Partner का HMP तथा अन्य Equipments से संबंधित Supporting document निविदा में Upload किया गया है। परिवाद का यह बिन्दू अमान्य है। |
| 3. | Ram Kripal Singh Construction Pvt, Ltd. | उपर्युक्त विषयक के संबंध में निवेदनपूर्वक कहना है कि विषयांकित कार्य के निविदा में मेरे द्वारा भाग लिया गया है एवं प्रासंगिक पत्रों द्वारा MBD के Section 3, Clause 1.2.1 एवं NIT के क्रमांक–28 के आलोक में शपथ पत्र के साथ वांछित 25/– रूपये का Advocate Welfare Stamp संलग्न नहीं किया गया है, के आलोक में दिनांक–13.08.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मुझे विषयांकित कार्य के निविदा में असफल घोषित कर दिया गया है।<br><br>उक्त के संबंध में भवदीय से अनुरोध है कि विषयांकित कार्य के कुल 05 (पाँच) अद्द Package में Package wise कुल Advocate Welfare Stamp के लिए कुल राशि 550/– का शपथ पत्र में Affixed किया गया है, जबकि MBD के Section 3, Clause 1.2.1 एवं NIT के क्रमांक–28 के आलोक में Advocate Welfare Stamp के लिए कुल राशि 300/– रूप्या का शपथ पत्र में Affixed किया जाना था, लेकिन इसके आलोक में मेरे द्वारा सरकारी राजस्व में अधिक राशि Packagewise संलग्न किया गया है। उक्त वर्णित तथ्यों के आधार पर | निविदाकार द्वारा निविदा के साथ Uploaded शपथ–पत्र में वांछित शपथ–पत्र पर Additional रू 25/– का Advocate Welfare Stamp affixनहीं किया गया है। विभागीय पत्रांक–3608 (E) दिनांक–22.05.2020 द्वारा किये गए प्रावधान "It is mandatory to attach Rs. 25/- Advocate welfare stamp on affidavit for Advocate welfare fund and तद्‌नुसार MBD NIT की कंडिका 28 पर निदिष्ट उक्त वांछित अहर्त्ता का अनुपालन नहीं किया गया है, अतः निविदाकार की आपत्ति अमान्य करने | Ram Kripal Singh Construction Pvt, Ltd. द्वारा NIT के क्रमांक–28 एवं MBD के Section-3 Cl. 1.2.1 के आलोक में समर्पित शपथ पत्रों में कुल ₹ 40.00 का Advocate Welfare Stamp संलग्न है।<br><br>परिवाद का यह बिन्दू मान्य हे। |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | भवदीय से सादर अनुरोध है कि मेरे द्वारा विषयांकित कुल कार्यों में NIT की कंडिका–28 के अनुपालन में शपथ पत्र में Advocate Welfare Stamp की वांछित राशि से अधिक जमा किया गया है। अतः इस आधार पर सहानुभूतिपूर्वक पुनः विचार करते हुए तकनीकी बीड में मुझे सफल घोषित करने की कृपा की जाय।<br><br>साथ ही अनुरोधपूर्वक भवदीय के संज्ञान में ध्यान आकृष्ट करना चाहेंगे कि–<br><br>1) M/s Silica Infra Pvt. Ltd. को दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही में तकनीकी बीड में NIT के क्रमांक–14 के अनुसार तकनीकी बीड मूल्यांकन शीट में National repute का रजिस्ट्रेशन को मान्य करते हुए तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया है, जबकि इनके द्वारा National repute कम्पनी से संबंधित कोइ रजिस्ट्रेशन कागजात निविदा के साथ अपलोड नहीं किया गया है। साथ ही विभागीय पत्रांक–6158 (S), दिनांक–09.07.2014 में MBD पर आधारित निविदा के तकनीकी बीड के निष्पादन हेतु Eligibility Criteria के संबंध में कंडिका–5.1 प्रथम प्रक्रम "यह प्रक्रम निविदाओं के तकनीकी बीड में सफल होने के लिए अनिवार्य होगी। इस प्रक्रम पर असफल पाये जाने वाले निविदाकारों के तकनीकी बीड प्रारंभ में अस्वीकृत होगा एवं किसी भी हालत में विचरणीय नहीं होगा", जो इस निविदाकार के निविदा पर सत्प्रतिशत लागू होता है, क्योंकि इनके द्वारा National repute कम्पनी का निबंधन निविदा के साथ Upload नहीं किया गया है। साथ ही Specific Experience of Similar nature of work, MBD के Section :3, Clause 2.4.2 B के तहत् जो तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निर्णय लेकर सफल किया गया है, वह भी किसी सरकारी/गैर सरकारी/BOTके द्वारा किये गये कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत नहीं है, केवल किसी संवेदक के द्वारा Sub-Contract | योग्य है।<br><br>1. मुख्य अभियंता, दक्षिण उपभाग से संबंधित नहीं है।<br><br>2. मुख्य अभियंता, दक्षिण उपभाग से | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | के रूप में दिया गया है, उसे ही निविदा के साथ अपलोड किया गया है, जो विचारणी नहीं है एवं उक्त वर्णित विभागीय आदेश के कंडिका–5.1.1 के प्रक्रम की अर्हता को पूर्ण नहीं करता है।<br><br>2) Bhartia-Barhoni 'JV' को दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही में तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया है, जबकि NIT के कंडिका–23 में वर्णित विभागीय पत्रांक–8131 (S) we, दिनांक–24.07.2012 के उपकंडिका–2.2 के अनुसार Each Partner का First Class Executive Magistrate का शपथ–पत्र निविदा के साथ अपलोड किया गया है।<br><br>3) M/s Amhara Construction Pvt. Ltd. को दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही में विभिन्न पैकेजों में तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया है, जबकि Net Worth तथा Profit & loss का (Fin-1) जो कागजात निविदा के साथ अपलोड किया गया है, यह Uploaded Balance Sheet के अनुरूप नहीं है एवं Balance Sheet में टंकित UDIN से मिलान किये जाने पर सही नहीं मिलता है। साथ ही NIT के क्रमांक–13 एवं MBDके ITB Clause-16के अनुसार Bid Validityकम से कम 180 दिन काundertakingनिविदा के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य है, लेकिन इनके द्वारा Bid Validityके आलोक में केवल "Asper NIT & MBD"लिखकर निविदा के साथ अपलोड किया गया है, जो विभागीय निविदा प्रक्रिया के विरूद्ध है तथा शपथ–पत्र में भी इसका जिक्र नहीं किया गया है एवं इस आधार पर निवदि अविचारणीय है। साथ ही इनके द्वारा Equipmentके अन्तर्गत जो MBDके Section: 3; Clause 2.6 Section 4, D.3के तहत Hot Mix plantअधिकतम 10 साल पुराना एवं owned होना चाहिए, जबकि इनका Hot Mix plant वर्ष 2013 का है एवं उसमें 120 TPH का कागजात निविदा साथ अपलोड किया गया है, जबकि इनके | संबंधित नहीं है।<br><br>3. M/s Amhara Construction Pvt. Ltd.इस Package में निविदाकार नहीं है। अतः समर्पित परिवाद विचारणीय नहीं है। | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | पास मात्र एक ही Hot Mix plant जो 45-60 TPHका है, जिसकी जाँच विभागीय स्तर से भी की जा सकती है। साथ ही निविदा के साथ अपलोड Hot Mix plant की कागजात के आधार पर भी जाँच कर ही निविदा की निष्पादन किया जाना न्यायसंगत एवं उचित होगा। उपरोक्त तथ्यों के आलोक में भवदीय से सहानुभूतिपूर्वक सादर अनुरोध है कि इस प्रकार दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही में किये गये निर्णय के तहत् कई निविदाताओं द्वारा Uploaded किये गये कागजातों में त्रुटि होने के बावजूद भी दरकिनार करते हुए तकनीकी बीड में सफल घोषित कर दिय गया है, जो न्यायोचित नहीं है एवं इस पर पुनः विचार करते हुए तकनीकी बीड में सफल/असफल पर निर्णय लेने पर विचार किया जाय। | | |
| 4. | JKA Associates Pvt. Ltd. | M/s JKA Associates Pvt. Ltd. hereby places on record its strong objection against the decision to declare the firm technically unsuccessful in the above-mentioned tender.<br><br>The technical disqualification of M/s JKA Associates Pvt. Ltd. is highly unjustified, factually erroneous and disproportionate, particularly when the documents submitted by the firm were duly supported by CA certification as well as relevant departmental records and certificates.<br><br>As per Technical Evaluation Proceedings dated 13.08.2026, M/s JKA Associates Pvt. Ltd. has been declared unsuccessful on the ground that, in respect of certain Existing Commitment works, the Agreement Value was allegedly not reflected in the records prepared by the concerned Engineer-in-Charge, due to which Existing Commitment and Bid Capacity could not be calculated.<br><br>This conclusion, however, does not take into proper consideration the complete set of documents submitted by the bidder.<br><br>1. FIN-4/Ongoing Works were duly | निविदाकार द्वारा Fin 4 Financial requirement for current contract commitments में कुल 17 कार्यों का विवरणी Upload किया गया है। Sl. no.-01 कार्य में Outstanding contract value 0.00 दर्शाया गया है जबकि इससे संबंधित remaining contract value का विवरण upload नहीं किया गया है पत्रांक–992 दिनांक–24.11.2025 एवं पत्रांक–18 दिनांक–16.04.2026 जो पंजाबी भाषा में है जिसमें एकरारनामा एवं व्यय की राशि अंकित नहीं है, Upload किया गया है। उक्त दोनों पत्र के आधार पर | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | supported and certified<br><br>M/s JKA Associates Pvt. Ltd. had submitted its FIN-4 / Existing Commitment / Ongoing Works statement duly certified by its Chartered Accountant.<br><br>The relevant financial/payment particulars were also duly certified by the CA. In addition, the supporting documents relating to the concerned ongoing works were furnished along with the bid and were supported by documents/certificates authenticated or Countersigned by the concerned Executive Engineers/competent departmental authorities.<br><br>Also, the information was supported by CA certification as well as departmental documentary evidence.<br><br>If the Department still had any doubt regarding the Agreement Value, payments, executed work, balance commitment or any other particulars, the same could very easily have been verified from the concerned Engineer-in-Charge/Executive Engineer and the original departmental records.<br><br>2. CA certification is specifically intended to establish the financial particulars of ongoing works<br><br>In tenders of this nature, and wherever applicable under the prevailing MORTH/NHAI tendering requirements and practices, the financial details of ongoing works forming part of FIN-4/Existing Commitments are required to be supported by appropriate CA certification, precisely so that the bidder's financial position and ongoing commitments can be established in a reliable and verifiable manner.<br><br>The very purpose of obtaining CA certification is to provide an authenticated financial statement of the bidder's ongoing works and commitments.<br><br><u>IN THE PRESENT CASE, M/S JKA ASSOCIATES PVT. LTD. WENT A</u> | Outstanding Contract value 0.00 (शून्य) का मिलान नहीं किया जा सका है। Sl. No. 02 पर अंकित योजना का Supporting IPC पर Authority Engineer का हस्ताक्षर नहीं है। इस प्रकार MBD की Section:4 कंडिका–10 C एवं ITB Section 01 की कंडिका 09 का उल्लंघन है। अतः परिवाद में उल्लेखित बिन्दुओं को अमान्य किया जाता है। | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | <u>STEP FURTHER AND SUBMITTED BOTH CA-CERTIFIED DOCUMENTS AND RELEVANT DEPARTMENTAL BILLS/CERTIFICATES.</u><br><br>Therefore, there was absolutely no justification for treating the information as unverifiable without first carrying out proper verification from the concerned departments.<br><br>3. Department could have easily verified the bills and records<br><br>The relevant bills, payment records and supporting departmental documents were available and were submitted along with the bid.Had the Department undertaken proper verification from the concerned Executive Engineers/Engineer-in-Charge, the particulars relating to the concerned works and payments could have been readily confirmed from the original departmental records.<br><br>Instead of undertaking such simple and necessary verification, the bidder has been declared technically unsuccessful.<br><br>Such an approach defeats the very purpose of technical evaluation.<br><br>Where a document is available, the underlying facts are verifiable from the concerned Government department, and the bidder has additionally submitted CA certification, outright rejection without verification is wholly unwarranted.<br><br>4. Enormous investment is involved in preparation and participation in a tender<br><br>It is also necessary to appreciate the practical and financial implications of participation in a tender of this magnitude.<br><br>• deployment of substantial manpower;<br>• engagement of technical and financial professionals;<br>• preparation and compilation of extensive technical and financial documentation;<br>• obtaining CA certifications and other | MBD के Section 04 की कंडिका–10C में स्पष्ट अंकित है कि the current contract commitments must be duly certified by Engineer-in-charge. | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | statutory documents;<br>• collection and verification of work records, bills and certificates;<br>• substantial time and effort of the organisation; and<br>• .considerable direct and indirect financial investment.<br>A contractor does not participate in such a tender casually. Considerable resources are committed in preparing a technically compliant bid.<br><br>Therefore, where the documents submitted by a bidder are available and capable of verification, the Department ought to adopt a fair, reasonable and objective approach rather than disqualifying the bidder on a ground which could have been easily clarified or verified from the concerned departmental authorities.<br><br>5. Disqualification has serious adverse consequences for the bidder<br><br>The unnecessary rejection of M/s JKA Associates Pvt. Ltd. at the technical stage is not merely a procedural issue.<br><br>Such an adverse finding has a serious impact on the professional standing, market reputation and business presence of the company, particularly when the bidder has submitted genuine supporting documents and has made substantial efforts and investment in participating in the tender.<br><br>A technically qualified and established contractor should not suffer such adverse consequences merely because the Department has not undertaken proper verification of documents which were readily verifiable.<br><br>The bidder should not be made to suffer for any omission in verification at the Department's end.<br><br>6. Re-verification is the proper and equitable course<br><br>If the Technical Evaluation Committee had any doubt regarding the Agreement Value | | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | or Existing Commitment of the works mentioned in FIN-4, the proper course would have been to seek clarification/verification from the concerned Engineer-in-Charge or Executive Engineer.<br><br>The Department may kindly verify directly:<br><br>1. FIN-4/Existing Commitment statement;<br><br>2. CA-certified statement of ongoing works;<br><br>3. CA-certified payment particulars,<br><br>4. relevant departmental bills;<br><br>5. work certificates issued by the concerned authorities;<br><br>6. certificates/documents countersigned by the concerned Executive Engineers;<br><br>7. Agreement Values of the concerned works;<br><br>8. executed quantities and payments; and<br><br>9. balance Existing Commitment and consequent Bid Capacity.<br><br>Upon such verification, the actual position will become clear beyond any doubt.<br><br>7. Prayer<br><br>In view of the above, M/s JKA Associates Pvt. Ltd. most respectfully but firmly requests that the decision to declare the firm technically unsuccessful may kindly be reviewed immediately.<br><br>a. All FIN-4 / Existing Commitment documents submitted by M/s JKA Associates Pvt. Ltd. may kindly be re-examined;<br><br>b. The CA certification and the supporting departmental bills/certificates may kindly be taken into consideration in their entirety;<br><br>c. The concerned Executive | | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | Engineers/Engineers-in-Charge may kindly be approached for direct verification of the Agreement Values, payments, work status and Existing Commitments,<br><br>d. The relevant bills and departmental records may kindly be verified from the original records instead of rejecting the bidder without verification;<br><br>e. After such verification, the technical evaluation may kindly be corrected and M/s JKA Associates Pvt. Ltd. may be declared technically successful, and<br><br>f. The Financial Bid of M/s JKA Associates Pvt. Ltd. may thereafter be opened in accordance with the tender conditions.<br><br>M/s JKA Associates Pvt. Ltd. sincerely expects that the Department will ensure fairness, transparency and objective evaluation and will not allow a technically eligible bidder to be deprived of participation in the financial stage merely because documents, which were duly certified and readily verifiable from the concerned authorities, were not properly verified.<br><br>The present disqualification, in the facts and circumstances stated above, is wholly unjustified and deserves to be withdrawn after proper verification of the records.<br><br>8. Reservation of Rights<br><br>M/s JKA Associates Pvt. Ltd. hereby reserves all its rights and remedies available under the applicable law, tender conditions and other legal provisions. In the event that the above representation is not duly considered and the wrongful disqualification is not appropriately reviewed after proper verification of the documents, the firm shall be constrained to take such appropriate legal action and pursue such remedies before the competent authority/forum as may be available to it in law, at the entire risk and responsibility of the concerned authority. | | |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | This representation is being submitted without prejudice to any of the rights and remedies of M/s JKA Associates Pvt. Ltd., all of which are expressly reserved. | | |
| 5. | Sobti Infratech Limited | **Bona Fide Interpretation of BG Format (Section 4B)**<br><br>In the Bid Security Bank Guarantee format under Section 4B of the MBD, the blank space requested the "Name of Contract & brief description of Works". As this is our first and only bid in the Department, we interpreted this space literally and inserted the complete official "Name of Work" ("Long Term Output & Performance Based Road Assets Maintenance Contract under Road Division, Jamui") as specified on Page 2 of the MBD and Line 3 of the Bid Data Sheet, citing the full project name instead of the administrative package code was a bona fide, typographical interpretation.<br><br>**Instrument Legally Valid and Enforceable:**<br>The Bank Guarantee is fully compliant with all core financial and legal requirements. It is issued for the exact required value of ₹2,29,86,000.00, drawn in favor of the correct beneficiary (Executive Engineer, Jamui), and valid for 181 days (exceeding the 180-day mandate). The omission of the package number does not affect the legal validity, security, or encashability of the instrument in favor of the Department.<br><br>**Non-Material and Non-Conformity (ITB Clauses 24.2 & 25.1)**<br>- **Under ITB Clause 24.2,** this minor discrepancy is a non-material omission because it does not affect the scope, quality, or performance of the works, nor does it affect competitive equality.<br><br>- **Under ITB Clause 25.1,** the Employer has the explicit authority to allow a bidder to rectify such non-material, documentation-related non-conformities within a reasonable period.<br><br>**Immediate Remedial Action Taken:** | निविदाकार द्वारा Bank Guarantee में name of work long term output and performance based road asset maintenance contract under road division, Jamui अंकित है जबकि निविदा Road division, Jamui 30A/ OPRMC Phase-III के लिए प्रकाशित है अतः MBD के Section 04 Bid Security format में अंकित Name of Contract and brief description of works के अनुरूपBG upload नहीं किया गया है। अतः ~~अतः~~ परिवाद अमान्य किया जाता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत |

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|---|
| | | Although, immediately upon receiving your email, we contacted our issuing scheduled bank to incorporate the specific text "Package No. 30A/OPRMC-III/Jamui" into the Bank Guarantee. The bank has accepted our request, and we will submit this formal bank corrigendum/amendment to your good office via email today itself.<br><br>**Substantial Qualifications:** As evaluated in your technical sheets, our company fully meets and qualifies all technical and financial eligibility criteria (Net Worth, Turnover, Bid Capacity, and past execution quantities).<br><br>Since there is no material deviation or risk to the Department, we pray that your good office kindly accept the bank amendment, condone this typographical misinterpretation under ITB Clause 25.1, and considers our technical bid as Responsive. | | |

7. <u>परिवाद की समीक्षा एवंतकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–</u>

समीक्षोपरान्त M/s Topline Infra Project Pvt. Ltd. के निविदा को तकनीकी बीड में सफल घोषित करते हुए दिनांक–13.08.2026 के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की शेष निर्णय को यथावत् रखा जाता है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा **(1) M/s Ganesh Ram Dokania (2) JKA Associates Pvt. Ltd.** एवं **(3) Sobit Infratech Limited** के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) **(1) M/s Topline Infra Project Pvt. Ltd.** एवं **(2) Ram Kripal Singh Construction Pvt, Ltd.** के द्वारा अपने संबंध में दिये गये परिवाद/आपत्ति को मान्य किया जाता है।

(iii) उपभागीय ज्ञापांक–2685 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा ~~रखा~~ जाय।

(iv) तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, दक्षिण को दिया गया।

(v) मुख्य अभियंता, दक्षिण संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26/8/26 | 26/8/26 | | 26/8/26 |
| (राजकुमार) | (राजेश कुमार गुप्ता) | (अभिषेक पलासिया) | (उमा कान्त रजक) |
| मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–106/2026 5907(E) पटना, दिनांक 26/8/26

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/ आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/8/26

(उमा कान्त रजक)

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),

पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।